2018

HINDI

(Major)

Paper : 3.1

Full Marks : 80

Time : 3 hours

The figures in the margin indicate full marks for the questions

1. पूर्ण वाक्य में उत्तर दीजिए : 1×10=10

(क) 'युगांत' के कवि कौन हैं?

(ख) 'सनेही' का पूरा नाम क्या है?

(ग) 'संशय की एक रात' के कवि कौन हैं?

(घ) महादेवी वर्मा को किस रचना के लिए ज्ञानपीठ पुरस्कार मिला था?

(ङ) हिन्दी साहित्य में 'हालावाद' के प्रवर्तक कौन हैं?

(च) 'फोर्ट विलियम कॉलेज' की स्थापना कब हुई थी?

(छ) 'प्रेम सागर' किसकी रचना है?

(ज) 'साकेत' के रचयिता कौन हैं?

(झ) 'प्रेमघन' का पूरा नाम क्या है?

(ञ) 'कुकुरमुत्ता' किस कवि की कृति है?

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दीजिए : 2×5=10

(क) 'कामायनी' को छायावाद का श्रेष्ठ महाकाव्य क्यों कहा जाता है?

(ख) आधुनिक काल तक आते-आते कविता की भाषा कैसे बदल गयी?

(ग) भारत में अंग्रेजी शिक्षा के बढ़ते प्रभाव के क्या परिणाम हुए?

(घ) भारतेन्दु हरिश्चंद्र की चार काव्य-कृतियों का नामोल्लेख कीजिए।

(ङ) सुमित्रानंदन पंत की कविताओं की दो विशेषताएँ लिखिए।

3. निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 5×4=20

(क) 'उर्वशी' काव्य पर एक टिप्पणी प्रस्तुत कीजिए।

(ख) महादेवी वर्मा की काव्यगत विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

(ग) 'निराला' की काव्यिक संवेदनाओं को रेखांकित कीजिए।

(घ) 'प्रयोगवाद' का आशय स्पष्ट कीजिए।

(ङ) 'नयी कविता' का मुख्य स्वर क्या है? स्पष्ट कीजिए।

(च) आधुनिक काल की प्रारम्भिक सीमा पर चर्चा कीजिए।

4. आधुनिक काल का सीमांकन करते हुए उसके नामकरण की सार्थकता पर विचार कीजिए। 10

अथवा

आधुनिक युग में ब्रह्म समाज, प्रार्थना समाज और आर्य समाज की क्या भूमिका रही है? सोदाहरण जवाब दीजिए।

5. द्विवेदी युग के प्रमुख साहित्यकारों का परिचय दीजिए। 10

अथवा

भारतेन्दुयुगीन काव्यधारा की साहित्यिक प्रवृत्तियों को रेखांकित कीजिए।

6. छायावाद की प्रमुख काव्य-प्रवृत्तियों की चर्चा कीजिए। 10

अथवा

राष्ट्रीय-सांस्कृतिक धारा के किन्हीं दो कवियों का परिचय दीजिए।

7. प्रगतिवादी काव्यधारा पर एक सारगर्भित लेख लिखिए। 10

अथवा

'नयी कविता' की विशेषताएँ लिखिए।

★★★